भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2762
18 मार्च, 2025 को उत्तर के लिए

राष्ट्रीय खनिज विकास निगम

2762. श्री संजय हरिभाऊ जाधव:

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में जिन राज्यों में राष्ट्रीय खनिज विकास निगम और इससे जुड़ी शाखाएं/प्रणालियां कार्य कर रही हैं, उनका ब्यौरा क्या है;
(ख) सरकार ने इसके कार्यकरण/कार्यों में पारदर्शिता किस प्रकार बनाए रखी है;
(ग) क्या सरकार ने राष्ट्रीय खनिज विकास निगम में बढ़ते अपराधों और राष्ट्रीय घाटे की कोई जांच की है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसमें दोषी पाए गए व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है;
(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(च) क्या सरकार को पता है कि राष्ट्रीय खनिज विकास निगम में अपराध और राष्ट्रीय घाटा कई गुना बढ़ गया है; और
(छ) हैदराबाद मुख्यालय और अनुसंधान एवं विकास केंद्र, हैदराबाद में उत्पादकता संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

(क): देश में राष्ट्रीय खनिज विकास निगम लिमिटेड (एनएमडीसी) की कार्यशील शाखाओं/प्रणालियों का राज्य-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:-

राज्य	**शाखाएँ/प्रणालियां**
आंध्र प्रदेश (हैदराबाद)	प्रधान कार्यालय
दिल्ली, पश्चिम बंगाल (कोलकाता), तमिलनाडु (चेन्नई), कर्नाटक (बेंगलुरु), महाराष्ट्र (मुंबई), छत्तीसगढ़ (रायपुर), ओडिशा (भुवनेश्वर), आंध्र प्रदेश (विशाखापट्टनम))	क्षेत्रीय कार्यालय
छत्तीसगढ़ और कर्नाटक	एनएमडीसी लौह अयस्क खनन परियोजनाएं
मध्य प्रदेश	हीरा खनन परियोजना
कर्नाटक	पेलेट संयंत्र

जारी...2/-

(ख): सरकार ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकीय पहलों जैसे वेबसाइट पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रकाशित करना, सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005, केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस), सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम), आदि के माध्यम से विभिन्न उपायों को लागू किया है।

(ग) से (च): भारत सरकार द्वारा नियुक्त पूर्णकालिक मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) की अध्यक्षता में एक सतर्कता तंत्र है। सतर्कता संबंधी शिकायतों का निपटारा सरकार/केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के स्थापित नियमों/दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जा रहा है।

(छ): एनएमडीसी के हैदराबाद मुख्यालय के साथ-साथ अनुसंधान एवं विकास केंद्र, हैदराबाद में उत्पादकता संबंधी विवरण निम्नानुसार है:

i. हैदराबाद में एनएमडीसी का मुख्यालय विभिन्न इकाइयों तथा प्रशासनिक मंत्रालय के साथ समन्वय करता है, दीर्घकालिक उत्पादन एवं बिक्री योजना पर निगरानी रखता है, तथा पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) के साथ-साथ क्षमता विस्तार एवं अवसंरचना विकास की रणनीति तैयार करता है।

ii. हैदराबाद में एनएमडीसी का अनुसंधान एवं विकास केंद्र विशेष रूप से निम्न-श्रेणी के लौह अयस्क उपयोग के लिए लाभकारीकरण और पेलेटाइजेशन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में कार्य करता है।

*****